UNIVERSITY NEWS 13 JUNE 2026

AMRIT VICHAR

लविवि में मानवशास्त्र की वाइवा परीक्षा 18 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार एमए व एमएससी सेमेस्टर-4 मानवशास्त्र (ग्रुप-बी, फिजिकल) की वाइवा परीक्षा का आयोजन 18 जून को अपराह्न 2:30 बजे विभाग में किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह द्वारा जारी सूचना में सभी संबंधित विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे वाइवा परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम आधा घंटा पूर्व विभाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। परीक्षा में विलंब से पहुंचने वाले विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

HINDUSTAN

शैक्षिणिक रिकार्ड 30 तक करने होंगे अपलोड

विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों को 30 जून तक विद्यार्थियों के शैक्षिक रिकार्ड को यूजीसी के पोर्टल पर अपलोड करना होगा। यूजीसी की ओर से इस संबंध में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शैक्षिक सत्र को पटरी पर रखने के लिए यह सख्ती की जा रही है।

AMAR UJALA

एमए व एमएससी का वायवा 18 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग ने एमए और एमएससी के चौथे सेमेस्टर के लिए ग्रुप-बी के वायवा की तिथि घोषित की है। प्रो. उदय प्रताप ने बताया कि वायवा 18 जून को दोपहर 2:30 बजे से विभाग में ही लिया जाएगा। छात्रों से आधा घंटा पहले पहुंचने के लिए कहा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

- लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर के योगा हाल में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम- 7:00 बजे से।